गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

सं.: न दि/गेल/सेक्ट./2020

10.01.2020

1. लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051	2. लिस्टिंग विभाग, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

"गेल अक्षय और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों में कार्यशील स्टार्ट-अप को धन उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है" से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,
भवदीय,

अनिल कु झा

(ए.के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्नक : उपरोक्तानुसार

प्रति :

ड्यूश बैंक एजी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

ध्यानाकर्षण-सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल अक्षय और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों में कार्यशील स्टार्ट-अप को धन उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है

नई दिल्ली, जनवरी 10, 2020: कम्प्रेस्ड बायो गैस उत्पादन जैसे नवीकरणीय और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के क्षेत्र में कार्यशील स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने के लिए गेल (इंडिया) लिमिटेड ने बोली द्वारा इस क्षेत्र में संचालित स्टार्ट-अप से निवेश प्रस्तावों के अनुरोध हेतु अपने चौथे दौर के आवेदन खोल दिए हैं।

इस अवसर पर, गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. आशुतोष कर्नाटक ने कहा, "हम माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्टार्ट-अप इंडिया मिशन का समर्थन करने के लिए उत्साहित हैं। दुनिया की अर्थव्यवस्था को आकार देने में युवाओं की भूमिका स्पष्ट है। भारत के उद्यमियों की युवा पीढ़ी के पास अभिनव विचारों को सफल व्यवसायिक उपक्रमों में विकसित करने की क्षमता है। मुझे आशा है कि गेल द्वारा धन उपलब्ध कराने से स्टार्ट-अप लंबे समय में सफल कंपनियों में परिवर्तित होंगे और गैस आधारित अर्थव्यवस्था बनने में देश के विज़न को साकार करने में मदद करेंगे।"

देश में बृहत बायोमास संसाधनों की उपलब्धता और इसके लाभकारी उपयोग पर सरकार के विशेष जोर को देखते हुए, गेल की इस उच्च विकासशील क्षेत्र में संचालित स्टार्ट-अप में निवेश करने की योजना है। कम्प्रेस्ड बायो गैस उत्पादन जैसे नवीकरणीय और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के क्षेत्र में कार्यशील स्टार्ट-अप से निवेश प्रस्तावों के अनुरोध हेतु गेल का चौथा दौर जनवरी 24, 2020 तक खुला रहेगा। स्टार्ट-अप गेल से इक्विटी निवेश हेतु वेबसाइट www.gailonline.com पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

गेल ने जुलाई, 2017 में उदीयमान स्टार्ट-अप में निवेश करने के लिए अपनी महत्वकांक्षी स्टार्ट-अप पहल **'पंख'** को प्रारंभ किया था। गेल ने अब तक विभिन्न क्षेत्रों में संचालित 24 स्टार्ट-अप में निवेश किया है।